उत्तर प्रदेश शासन,
नियोजन अनुभाग-1
संख्याः98/2025/57/35-1-2025/724/दी0यो0प्र0/2024
लखनऊ दिनाँकः 30 जनवरी, 2025

कार्यालय-ज्ञाप

सतत् विकास लक्ष्य एजेण्डा-2030 को प्राप्ति की दिशा में गतिशीलता प्रदान करने के लिए एस0डी0जी0 के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (मॉस्पी),भारत सरकार एवं नीति आयोग, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु प्रदेश में एस0डी0जी0 से सम्बन्धित नोडल विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से नियोजन विभाग के अन्तर्गत **SDGCAC (Sustainable Development Goals Coordination and Acceleration Centers)** का निम्नानुसार गठन किया जाता है-

एस0डी0जी0सी0ए0सी0

1.	प्रमुख सचिव,नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।	अध्यक्ष
2.	विशेष सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।	सदस्य
3.	निदेशक, अर्थ एवं संख्य प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान, उ0प्र0।	सदस्य
4.	अपर निदेशक, स्टेट ट्रान्सफॉर्मेशन कमीशन।	सदस्य
5.	वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0, लखनऊ।	सदस्य
6.	यूनीसेफ प्रतिनिधि, उ0प्र0 लखनऊ।	सदस्य
7.	निदेशक, दीर्घकालीन योजना प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान, उ0प्र0।	सदस्य-सचिव
8.	विशेष आमंत्री*	

- (आवश्यकतानुसार किसी भी वाह्य एजेन्सी/नोडल विभागों को बैठक हेतु आमंत्रित किया जा सकता है।)

नियोजन विभाग के अधीन कार्यरत दीर्घकालीन योजना प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान, उ0प्र0 (नवीन प्रभाग) एस0डी0जी0सी0ए0सी0 के रूप में कार्य करेगा। एस0डी0जी0सी0ए0सी0 द्वारा प्रदेश में जमीनी स्तर पर एस0डी0जी0 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण का कार्य किया जाएगा, जो समय-समय पर अद्यावधिक स्थिति से अवगत करायेगा। एस0डी0जी0सी0ए0सी0 की स्थापना से एस0डी0जी0 एजेण्डा-2030 की उपलब्धि को सुगम बनाया जा सकेगा।

एस0डी0जी0सी0ए0सी0का कार्यक्षेत्र

1. मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में एस0डी0जी0 से संबंधित बैठकों का आयोजन।
2. मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में एस0डी0जी0 विजन-2030 के क्रियान्वयन एवं एस0डी0जी0 इंण्डिया इंडेक्स के परिप्रेक्ष्य में टास्क फोर्स की बैठकों का आयोजन कराना।
3. नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा एस0डी0जी0 से संबंधित दिशा-निर्देशों को एस0डी0जी0 से संबंधित नोडल विभागों को प्रेषित कर अनुपालन कराना।
4. नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा समय-समय पर निर्गत् एस0डी0जी0 इण्डिया इंडेक्स में रेखांकित इंडीकेटर्स के संबंध में विभागीय कार्यवाही एवं अद्यतन आंकड़ें संबंधी समन्वय स्थापित करना।
5. प्रदेश स्तर पर एस0डी0जी0 के कार्यान्वयन की प्रगति की समय-समय पर समीक्षा करना।

(आलोक कुमार)
प्रमुख सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्याः- तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नीति आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. वरिष्ठ सलाहकार, नीति आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली
3. सचिव, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वय मंत्रालय, भारत सरकार (मॉस्पी)।
4. अपर मुख्य सचिव मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
5. स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
6. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव उ0प्र0 शासन ।
7. समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उ0प्र0।
8. उप महानिदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय,(मॉस्पी) भारत सरकार, लखनऊ।
9. निदेशक, दीर्घकालीन योजना प्रभाग, नियोजन विभाग, लखनऊ।
10. निदेशक, अर्थ एवं संख्या प्रभाग।
11. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0, लखनऊ।
12. सुश्री पीयूष एंटोनी, सोशल पॉलिसी स्पेशलिस्ट, यूनीसेफ।
13. अपर निदेशक/संयुक्त निदेशक, स्टेट ट्रान्सफॉर्मेशन कमीशन।
14. नियोजन अनुभाग-1/2/3/4 एवं स्टेट ट्रान्सफॉर्मेशन कमीशन1/2
15. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(पुलकित खरे)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।